Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of packaging house or an office for promotion of export in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-Laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान भाइयों की आय मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है । मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर सहित पूरे पूर्वांचल के किसान कई दशकों से व्यापक स्तर पर फल सब्जी और फूलों की खेती करते आ रहे हैं परंतु पिछली सरकारों की उदासीनता के कारण यहां के किसानों ने अपनी मूल खेती करना छोड़ दिया था, परंतु केंद्र में परम आदरणीय मोदी जी तथा उत्तर प्रदेश में पूज्य योगी जी के आने के बाद किसानों में एक नई ऊर्जा, एक नई दिशा और सरकार का भरपूर सहयोग मिला जिससे यहां के किसान भाइयों ने एक बार फिर अपनी मूल खेती की ओर लौट आए । उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिलों में खासतौर से देवरिया, बलिया, गोरखपुर, गाजीपुर, कुशीनगर, महाराजगंज मऊ आदि में सब्जी की खेती बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से की जाती है और यह क्षेत्र सब्जी उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र है । स्थानीय स्तर पर सब्जी उत्पादकों को कोई पैकेजिंग हाउस या केंद्र द्वारा उनकी ख़रीद के लिए कोई तंत्र स्थापित नहीं किया गया है जिसके कारण किसान सब्जियों को स्थानीय बाजारों तक ही भेज पाते हैं । मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि केंद्र सरकार द्वारा कोई पैकेजिंग हाउस या निर्यात को बढ़ावा देने हेतु स्थानीय स्तर पर कार्यालय खोलें, जिससे कि इस क्षेत्र के सब्जी और फल उत्पादों का निर्यात विदेशों में हो सकें जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो तथा परम आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का किसानों की दोगुनी आय करने का सपना पूरा हो सके ।